
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 307 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
जवाबों ने फैलाई सनसनी




# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 20 मार्च 2024




मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 15.0°

72748.42

2 अमेरिका का पिछलग्गू नहीं बना भारत

7 विराट कोहली ने अपनाया नया लुक

# जानबूझकर करते हैं हिंदु धर्म का अपमान

## पीएम ने सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक पर जमकर निशाना साधा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का मिशन दक्षिण जारी है। केरल में रोड शो करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तमिलनाडु पहुंचे। मंगलवार को तमिलनाडु के सेलम में उनका स्वागत किया गया। पीएम मोदी यहां एक सार्वजनिक सभा में शामिल हुए। इस सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक पर जमकर निशाना साधा है। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए को जो समर्थन मिल रहा है उसने द्रमुक की नींद उड़ा दी है। सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, तमिलनाडु में भाजपा को मिल रहा जनसमर्थन पूरा देश देख रहा है। एनडीए और मोदी को ये जो जनसमर्थन मिल रहा है, इसने द्रमुक सरकार की नींद उड़ा दी है।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, अभी तो चुनाव अभियान की शुरुआत हुई है, लेकिन विपक्षी गठबंधन की योजना मुंबई में हुई उनकी पहली रैली में ही खुलकर सामने आ गई है। ये कह रहे हैं कि हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, उन्हें इस शक्ति का विनाश करना है। हिंदू धर्म में शक्ति किसे कहते हैं, ये तमिलनाडु का हर व्यक्ति जानता है। इंडिया अलायंस के लोग बार–बार जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के सलेम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भावुक हो गए। यह उस वक्त हुआ जब उन्होंने 10 साल पहले जिले में मारे गए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता को याद किया। इस कुछ समय के लिए उन्होंने अपना भाषण रोक दिया। मोदी ने दिवंगत भाजपा नेता के एन लक्ष्मणन सहित जिले से जुड़ी तीन हस्तियों को याद किया। हालांकि, वह ऑडिटर रमेश के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए, जिनकी हत्या कर दी गई थी।

इस दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ समय के लिए अपना भाषण रोक दिया। जब फिर से बोलना शुरू किया तो उन्होंने पार्टी के लिए रमेश के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा, 'मैं ऑडिटर रमेश को नहीं भूल सकता। दुर्भाग्य से आज रमेश हमारे बीच नहीं हैं। रमेश ने पार्टी के लिए दिन–रात कड़ी मेहनत की और वह एक अच्छे वक्ता थे। लेकिन उनकी हत्या कर दी गई। आज मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'

### हजारों की संख्या में इक्कठ्ठा हुए लोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में केरल में अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन बढ़ाने के लिए मंगलवार को पलक्कड़ में एक रोड शो किया। फूल, माला, पार्टी के झंडे, मोदी की तख्तियां और पार्टी की टोपी पहने भाजपा समर्थकों समेत हजारों लोग लगभग एक किलोमीटर के रोड शो मार्ग के दोनों ओर खड़े थे।



### मोदी, नारीशक्ति की हर परेशानी के सामने ढाल बनकर खड़ा है

प्रधानमंत्री ने कहा डीएमके और कांग्रेस का विपक्षी गठबंधन किसी अन्य धर्म का अपमान नहीं करता, किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता, लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते। हिंदू धर्म में शक्ति का मतलब होता है मातृ शक्ति, नारी शक्ति..लेकिन विपक्षी गठबंधन की कांग्रेस और डीएमके कह रही हैं कि वे शक्ति को तबाह करेंगे। मोदी, देश की नारीशक्ति की हर परेशानी के आगे ढाल बनकर खड़ा है। इसके बाद पीएम मोदी ने नारी शक्ति के लिए शुरू की गईं अपनी सरकार की योजनाओं का जिक्र किया।

### भाजपा की योजनाओं में नारीशक्ति

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी, देश की नारीशक्ति की हर परेशानी के आगे ढाल बनकर खड़ा है। महिलाओं को धुआं मुक्त जीवन देने के लिए हमने उज्ज्वला एलपीजी गैस कनेक्शन दिए, हमने फ्री मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए आयुष्मान योजना शुरू की। इन सभी योजनाओं के केंद्र में नारीशक्ति ही है। बता दें कि पीएम मोदी लोकसभा चुनाव से पहले पांच दिन के लिए दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। हमारे शास्त्र साक्षी हैं कि विनाश उनका होता है, जो शक्ति को खत्म करने का विचार रखते हैं। ऐसे खतरनाक पकमें को हराने की शुरुआत 19 अप्रैल को सबसे पहले मेरा तमिलनाडु करेगा। अब तमिलनाडु ये सोच चुका है कि 19 अप्रैल को एक–एक वोट बीजेपी को जाएगा, एनडीए को जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नायब सैनी सरकार का कुनबा बढ़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
हरियाणा। हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है। सभी की नजरें पूर्व गृहमंत्री अनिल विज पर टिकी थी, जो इस समारोह से दूर नजर आए। शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया है। मंगलवार को आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें एक को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, बाकी सात को स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है।

### हेमंत सोरेन के घर भाजपा ने लगाई सेंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भाजपा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के घर बड़ी सेंध लगाई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूर्व विधायक और हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने मंगलवार को अपनी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद भाजपा का दामन थाम लिया है। उनके भाजपा खेमे में आने से पार्टी को मजबूती मिल सकती है।

# नहीं लगी नागरिकता संशोधन कानून पर रोक

## 200 से ज्यादा अर्जियों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, अब 9 अप्रैल को सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सीएए पर मंगलवार को नरेंद्र मोदी सरकार से जवाब मांगा है। सीएए को लेकर कई याचिकाएं दायर की गई हैं, कोर्ट मामले की सुनवाई नौ अप्रैल को करेगा। हालांकि शीर्ष अदालत ने इस पर स्टे लगाने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ताओं की इस संबंध में की गई मांग नहीं मानी गई। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। सीएए को लेकर कुल 237 याचिकाएं दायर की गई थीं।

एसजी मेहता ने कोर्ट से कहा कि केंद्र को कम से कम चार हफ्ते का समय चाहिए। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि स्टे अप्लीकेशंस का जवाब देने के लिए इतना समय बहुत ज्यादा है। सिब्बल ने आगे दलील दी कि अगर नागरिकता को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई तो फिर से वापस नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर अभी तक इंतजार किया गया है तो जुलाई में कोर्ट का फैसला आने तक इंतजार किया जा सकता है। आखिर इतनी जल्दबाजी क्या है?

गृह मंत्रालय ने 11 मार्च को नागरिकता संशोधन कानून के नियमों को लागू करने की अधिसूचना जारी की थी। इस कानून के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धर्म के आधार पर उत्पीड़न झेलकर भारत आने वाले अल्पसंख्यक वर्ग के शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है। मुस्लिमों को कानून से बाहर रखने के फैसले का ही विरोध हो रहा है।

### सॉलिसिटर जनरल ने मांगा समय

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पेटिशंस और अप्लीकेशंस का का जवाब देने के लिए कोर्ट से समय मांगा था। उन्होंने दलील दी कि कुल 237 पेटिशंस हैं। स्टे के लिए 20 अप्लीकेशन आए हैं। जवाब देने के लिए मुझे समय चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएए लागू होने से किसी की नागरिकता नहीं जाने वाली है। याचिकाकर्ताओं के दिमाग में इसको लेकर पूर्वाग्रह डाला गया है।

# अरुणाचल हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश पर चीन के बेतुके दावों को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि बार–बार इस संबंध में निराधार तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा।

जयसवाल का बयान चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग की टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में आया है। दरसअल, चीनी प्रवक्ता ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग के दावे को दोहराया और इस क्षेत्र को चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था। जब झांग से अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत की सैन्य तैयारी बढ़ाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग इसे कभी स्वीकार नहीं करता और दृढ़ता से विरोध नहीं करता।

9 मार्च को, प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

### पलटवार

■अरुणाचल प्रदेश पर बेतुके चीनी दावे पर भड़का भारत

### चीन के क्षेत्रीय दावों को बार–बार खारिज कर रही भारत

बता दें कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार–बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का अभिन्न अंग है। नई दिल्ली ने क्षेत्र को मनगढ़ंत नाम देने के बीजिंग के कदम को भी खारिज कर दिया है और कहा है कि इससे वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# इसी ने 24 घंटे के अंदर विवेक सहाय को हटाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद पर संजय मुखर्जी की नियुक्ति की। आयोग ने एक प्रेस रिलीज जारी कर यह जानकारी दी है।

आयोग ने सोमवार को ही पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार को हटाकर विवेक सहाय को नियुक्त किया था। हालांकि, इसके 24 घंटे के अंदर मंगलवार को ही विवेक सहाय को पद से हटा दिया गया। चुनाव आयोग ने बंगाल सरकार को उनके स्थान पर संजय मुखर्जी को नियुक्त करने का निर्देश दिया। एक वरिष्ठ अफसर ने बताया कि सहाय को वरिष्ठता क्रम के आधार पर नियुक्त किया गया था। लेकिन वह लोकसभा चुनाव खत्म होने से पहले मई के पहले सप्ताह में सेवानिवृत्त हो रहे थे, इसलिए आयोग ने मुखर्जी को डीजीपी नियुक्त करने को कहा है।

निर्वाचन आयोग ने राज्य को फैसले को तत्काल लागू करने और मंगलवार शाम पांच बजे तक नियुक्ति की पुष्टि करने के निर्देश दिए हैं।

### पश्चिम बंगाल के नए डीजीपी होंगे संजय मुखर्जी

## न्यूज डायरी



### अमेरिका का पिछलग्गू नहीं बना भारत, पश्चिमी देशों को बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आम चुनाव में रेकॉर्डतोड़ जीत हासिल करने के बाद दोस्त भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें खुलकर बधाई दी है। पीएम मोदी ने यह भी उम्मीद जताई कि दोनों ही देश आने वाले वर्षों में रिश्तों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच भागीदारी समय की कसौटी पर खरी उतरी है और विशिष्ट है। भारत के अलावा चीन, सऊदी अरब और उत्तर कोरिया जैसे देशों ने खुलकर पुतिन को फिर से चुने जाने पर बधाई दी। रूस के इन दोस्त देशों ने जहां पुतिन को बधाई दी, वहीं अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों ने एक लाइन से रूसी राष्ट्रपति के फिर से चुने जाने की आलोचना की। विश्लेषकों का कहना है कि पश्चिमी देश रूस को लेकर चाहे कितना ही सख्त रुख अपना लें लेकिन भारत दोस्ती के बाद भी उनका पिछलग्गू नहीं बनने जा रहा है। यूरोपीय देशों के विदेश मंत्रियों ने खुलकर रूस के चुनाव परिणाम को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पुतिन का फिर से चुना जाना अन्यायपूर्ण है और गैर लोकतांत्रिक है। यूरोपीय संघ ने यह भी कहा कि पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवेलनी के साथ दुर्व्यवहार और उनकी मौत के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ और ज्यादा प्रतिबंध लगाया जाएगा। जर्मनी की विदेश मंत्री अनालेना बाइबोक ने कहा कि रूस का चुनाव एक ऐसा चुनाव था जो बिना किसी विकल्प का था।

### दुनिया की सबसे पुरानी लाल लिपस्टिक, खोजकर्ताओं ने ढूंढ निकाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। दक्षिणपूर्वी ईरान में खोजकर्ताओं ने लाल रंग की लिपस्टिक को खोज निकाला है। एक छोटी पत्थर की शीशी में लगभग 4 हजार साल पहले इस्तेमाल किए जाने वाला कॉस्मेटिक है। रिसर्चर ने साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में फरवरी में रिपोर्ट दी थी कि यह दुनिया की सबसे पुरानी लिपस्टिक है। विश्लेषण किए गए नमूने का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा उन खनिजों से तैयार किया गया था जो गहरा लाल रंग पैदा करता हैं। इस लाल लिपस्टिक में मैंगनीज और ब्राउनाइट भी शामिल थे, जिनका रंग गहरा है। इसमें सब्जियों और अन्य कार्बनिक पदार्थों से बने मोमी पदार्थों का भी उपयोग किया गया है। माना जा रहा है कि शीशी का इस्तेमाल होठों पर लगाने के लिए किया जाता होगा। इसके अलावा इन्हें गालों को रंगने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता था। शीशी का आकार बिल्कुल एक लिपस्टिक ट्यूब की तरह दिखती है। शीशी को जिरॉफ्ट के राष्ट्रीय पुरातत्व संग्रहालय में रखा गया है, जहां टीम ने नमूने लिए थे। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि लिपस्टिक किसने लगाई होगी।

### रमजान में उमरा करने वालों की भीड़ पर सरकार का फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। रमजान के महीने में दुनियाभर से मुसलमान उमरा करने के लिए सऊदी अरब पहुंचते हैं। रमजान की इस्लाम में महत्ता के चलते इस महीने में उमरा करने वालों की संख्या काफी बढ़ जाती है। हज के उलट तीर्थयात्री अपने सऊदी प्रवास में जितनी बार चाहें उमरा कर सकते हैं। ऐसे में लोग बार-बार काबा पहुंचते हैं, इससे भीड़ काफी ज्यादा बढ़ जाती है। बढ़ती भीड़ के बीच व्यवस्था को बनाना सऊदी सरकार के अफसरों के लिए मुश्किल हो रहा है। ऐसे में सऊदी सरकार ने नया नियम लागू करते हुए कहा है कि अब एक इंसान रमजान के महीने में एक बार ही उमरा कर सकता है। गल्फ न्यूज के अनुसार, सऊदी हज और उमरा मंत्रालय ने मुसलमानों को रमजान के महीने के दौरान उमरा दोहराने से प्रतिबंधित कर दिया है, इसका मतलब है कि मक्का में मौजूद श्रद्धालु इस महीने में केवल एक बार उमरा कर सकेंगे। रमजान में आमतौर पर मक्का की ग्रैंड मस्जिद में बड़ी तादाद में लोग पहुंचते हैं, जो इस्लाम के सबसे पवित्र स्थलों में से एक है। हज और उमरा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि भीड़भाड़ को कम करने के लिए रमजान के दौरान उमरा करने की पुनरावृत्ति पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस उपाय से अधिक लोगों को उमरा करने का मौका भी मिलेगा। रमजान में दो बार ये इससे ज्यादा उमरा करने के लिए कोई परमिट जारी नहीं किया गया है।

# आर्मीनिया ने भारत के नए पिनाका रॉकेट के लिए खोला खजाना

**डील**

## तुर्की और पाकिस्तान के दोस्त अजरबैजान की खैर नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



येरेवान। तुर्की और पाकिस्तान के दोस्त अजरबैजान के साथ युद्ध के खतरे से जूझ रही आर्मीनिया की सरकार ने भारत से पिनाका रॉकेट सिस्टम खरीदने का बड़ा सौदा किया है। आर्मीनिया की मीडिया के मुताबिक आर्मीनिया की सेना भारत से पिनाका का नवीनतम संस्करण खरीद रहा है जो 40 से लेकर 70 किमी तक दुश्मन के किसी भी ठिकाने को तबाह करने की ताकत रखता है। इस डील के साथ ही आर्मीनिया ने यह संकेत दे दिया है कि वह रूस के बनाए ग्रैड बीएम 21 सिस्टम से दूरी बनाने जा रहा है। भारत का पिनाका रॉकेट सिस्टम रूसी सिस्टम से बहुत आगे है और नवीनतम तकनीक से लैस है।

एक पिनाका रॉकेट सिस्टम में 6 लॉन्चर सिस्टम होते हैं और उसके साथ लोडर वीइकल भी होते हैं जो तेजी से रॉकेट को फिर से लोड करके उसे हमले के लिए तैयार कर देते हैं। इसके अलावा एक फायर कंट्रोल सिस्टम और मौसम की जानकारी देने वाला रेडॉर भी होता है। इस डील का खुलासा उस समय हुआ जब एक ताजा वीडियो में पिनाका रॉकेट के फैक्ट्री में कई पॉड दिखाए दिए।

विशेषज्ञों के मुताबिक ये पॉड इस बात के संकेत हैं कि पिनाका को अब आर्मीनिया को निर्यात करने की तैयारी चल रही है। पिनाका को भारत की कई रक्षा कंपनियों ने मिलकर बनाया है। इसमें टाटा इलेक्ट्रिक और एल एंड टी ने लॉन्चर और कमांड पोस्ट वीइकल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड ने पिनाका के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रॉकेट बनाए हैं। इसके अलावा बीईएमएल ने इस रॉकेट को लेकर जाने वाले वीइकल का निर्माण किया है। आर्मीनिया का भारत के साथ पिनाका डील करना उसके रणनीतिक हितों के लिए बहुत जरूरी माना जा रहा है। आर्मीनिया का अजरबैजान के साथ तनाव बहुत बढ़ा हुआ है। तुर्की और इजरायल के किलर ड्रोन और पाकिस्तानी हथियारों की मदद से अजरबैजान ने नगर्नो कराबाख पर कब्जा कर लिया है। अब वह आर्मीनिया गांवों पर दावा कर रहा है। पिनाका रॉकेट सिस्टम ने युद्ध खासकर कारगिल संघर्ष के दौरान अपनी उपयोगिता को साबित किया था। इसके अंदर कई नई तकनीकों को भी शामिल किया गया है। भारत का रक्षा उद्योग 5000 पिनाका यूनिट तैयार करने की तैयारी कर चुका है। इसके लिए उत्पादन की क्षमता को भी बढ़ाया गया है। आर्मीनिया को पिनाका रॉकेट के निर्यात से न केवल भारत का रक्षा निर्यात बढ़ेगा बल्कि उत्पादन की क्षमता भी बढ़ेगी। भारत के लोगों को रोजगार भी मिलेगा। वहीं इससे पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान की तिकड़ी को करारा जवाब मिलेगा। भारत के अलावा फ्रांस भी बड़े पैमाने पर हथियार आर्मीनिया को दे रहा है।

## चांद पर बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी में है जापान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जब पहले इंसान ने धरती से जाकर चांद पर कदम रखा था, तो उसे मानवता की एक बड़ी छलांग कहा गया था। आज उस घटना को 50 साल से ज्यादा हो चुके हैं और अब इंसान चांद पर बस्ती बसाने की तैयारी कर रहा है। शायद जल्दी ही ऐसा भी दिन आएगा जब चांद पर इंसानी बस्ती बसाई जा सकेगी और इंसान वहां रहने लगेंगे। वैज्ञानिक इसकी योजना बनाने में जुटे हैं, इस बीच जापान के वैज्ञानिक चांद पर बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। जापान में क्योटो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 2022 में घोषणा की थी कि वे काजिमा कंस्ट्रक्शन के साथ मिलकर पृथ्वी को चंद्रमा और मंगल ग्रह से जोड़ने वाली ट्रेन का निर्माण करने की योजना पर काम कर रहे हैं।

इसके साथ ही पृथ्वी से बाहर लोगों को बसाने के लिए एक कृत्रिम आवास बनाने की भी योजना है। आइए जानते हैं कि धरती को दूसरे ग्रह से जोड़ने वाली इस ट्रेन को किस तरह से बनाया जाएगा। ये सब पढ़ने में किसी साइंस फैंटेसी की तरह लग रहा है लेकिन सही बात तो ये है कि जापानी शोधकर्ता इसके लिए एक लाइव आवास की योजना बनाने में जुट गए हैं। ये एक शंक्वाकार इमारत होगी जिसमें पृथ्वी की तरह गुरुत्वाकर्षण और वातावरण तैयार किया जाएगा।



**पिता की सीट पर चुनाव लड़ेंगी पाकिस्तान की होने वाली फर्स्ट लेडी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी आसिफा भुट्टो की राजनीति में एंट्री हो गई है। आसिफा भुट्टो ने सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। बता दें कि सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट से आसिफ अली जरदारी ने चुनाव जीता था। हालांकि, राष्ट्रपति बनने के बाद उन्हें यह सीट छोड़ दी थी। इससे पहले पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद आसिल अली जरदारी ने देश की फर्स्ट लेडी के रूप में अपनी बेटी के नाम की घोषणा की थी। यह पद पारंपरिक रूप से राष्ट्रपति के पति या पत्नी के पास होता है, लेकिन जरदारी ने प्रथम महिला के रूप में आसिफा के नाम को औपचारिक मान्यता देने का फैसला किया है।

# अब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में घुस कर की एयरस्ट्राइक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को बनाया निशाना

पाकिस्तान। पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में हवाई हमले किए, जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं और बच्चों सहित आठ नागरिकों की मौत हो गई। इन हमलों में पाकिस्तान सीमा के पास खोस्त और पक्तिका प्रांतों में नागरिक घरों को निशाना बनाया गया। वहीं, अब पाकिस्तान के हमलों का अफगानिस्तान ने भी करारा जवाब दिया है।

पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले के बाद अफगानिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई की है। अफगानिस्तान की सेनाओं ने सीमा पर पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को निशाना बनाया, जो दो साल से अधिक समय पहले सत्ता संभालने के बाद तालिबान की ओर से पहला जवाबी हमला बन गया है।

तालिबान-नियंत्रित रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अफगानिस्तान की राष्ट्रीय इस्लामी सेना भारी हथियारों के साथ सीमा पर सैन्य चौकियों को निशाना बनाकर पाकिस्तान को जवाब दे रही है। रक्षा और सुरक्षा बल किसी भी आक्रामक कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार हैं। ये हमले उत्तरी वजीरिस्तान में सुरक्षा बलों की चौकी पर आतंकवादी हमले में दो अधिकारियों सहित सात सैनिकों की हत्या के बाद राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी द्वारा जवाबी कार्रवाई की कसम खाने के एक दिन बाद हुए हैं। हाफिज गुल बहादर समूह ने घातक हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने अफगान सीमा क्षेत्रों में उसी समूह को निशाना बनाकर आतंकवाद विरोधी अभियान की पुष्टि की, जो पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ बढ़ती सीमा हिंसा के लिए जिम्मेदार टीटीपी का एक गुट है।

वहीं, दूसरी ओर तालिबान सरकार ने हवाई हमलों की निंदा की और इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

### बलूचिस्तान प्रांत में आया 5.4 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को 5.4 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया। इस दौरान और किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना की सूचना अधिकारियों ने दी। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, भूकंप का केंद्र क्वेटा से 150 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 35 किलोमीटर की गहराई में था। विवरण के अनुसार, भूकंप के झटके राजधानी क्वेटा, नोशकी, चागी, चमन, किला अब्दुल्ला, दलबादीन, पिशिन और प्रांत के कुछ अन्य इलाकों में महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम कार्यालय ने कहा कि भूकंप के झटके पाकिस्तान-ईरान सीमा क्षेत्रों में भी महसूस किए गए। हालांकि, अधिकारियों ने किसी भी क्षेत्र से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी है जहाँ भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, लेकिन बलूचिस्तान प्रांत अतीत में कई भूकंपों से प्रभावित हुआ है।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# देश की निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होना हम सबके लिए गर्व की बात

**प्रशिक्षण**

## पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान कार्मिकों को दिया प्रथम प्रशिक्षण

**संवाददाता**

चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की उपस्थिति में पीजी कॉलेज और राइका गोपेश्वर में मंगलवार को पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण शुरू हो गया है। मतदान कार्मिकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें मतदान का सामान्य प्रशिक्षण और ईवीएम व वीवीपैट का व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 1624 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले दिन 400 कार्मिकों को पीजी कॉलेज और 400 कार्मिकों को राइका गोपेश्वर में प्रशिक्षण दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है। देश की निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होना



हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी मतदान कार्मिकों को पूरे मनोयोग से निर्वाचन के सभी पहलुओं से संबंधित प्रशिक्षण गहनता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर निर्वाचन, एक नया निर्वाचन होता है, नए निर्देश होते है। आयोग के दिशा निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करते हुए प्रशिक्षण के दौरान अपनी सभी शंका और संशय का समाधान करें। पोलिंग स्टेशन के लिए निर्धारित रूट प्लान के अनुसार ही मूवमेंट करें। किसी का आतिथ्य स्वीकार न करें। उन्होंने बताया कि जनपद के 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। शैडो एरिया वाले बूथों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी। किसी को भी मतदेय स्थल पर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अभिनव शाह ने सभी मतदान कार्मिकों को पोस्टल बैलेट और ईडीसी से अनिवार्य रूप से मतदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात जनपद चमोली के कार्मिक ईडीसी के माध्यम से अपना वोट करेंगे और अन्य जनपद एवं राज्यों के कार्मिक को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक अपने सेक्टर ऑफिसर के संपर्क में रहे और कोई भी संशय होने पर तत्काल अपने सेक्टर अधिकारी को इसकी जानकारी दे और इसका समाधान करें। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम के जिला समन्वय कुलदीप गैरोला ने जनपद में स्वीप गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए मतदान कार्मिकों से प्रशिक्षण संबंधी सवाल और उनका समाधान किया गया। मतदान केन्द्रों तक मशीन ले जाने, मतदान के उपरान्त मशीन सील करने तथा स्ट्रांग रूम तक मशीन को सुरक्षित पहुँचाने प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## न्यूज डायरी :

### चारो पीठ के शंकराचार्य से की विश्व धर्म संसद का मार्गदर्शन करने की प्रार्थना

**संवाददाता** हरिद्वार। शिवशक्ति धाम डासना पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद सरस्वती ने चारों पीठ के शंकराचार्य को पत्र लिखकर विश्व धर्म संसद का मार्गदर्शन करने की अपील की है। विश्व के सामने इस्लामिक जिहाद के खतरे को रखने के लिए स्वामी यति नरसिंहानंद गिरी विश्व धर्म संसद का आयोजन करेंगे। सर्वानंद घाट पर स्वामी यति नरसिंहानंद ने चारों पीठ के शंकराचार्यों को पत्र लिखा। पत्र में शंकराचार्यों से शिवशक्ति धाम डासना में 17 से 21 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली विश्व धर्म संसद का संरक्षण और मार्गदर्शन करने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि दारुल उलूम देवबंद ने गजवा ए हिंद को सही बताया है। मेरी ओर से पिछले 25 से अधिक वर्षों से हिंदुओं को गजवा ए हिंद के बारे में जागरूक करने का प्रयास चल रहा है।

### क्रोमा पेशकर रहा है एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, रूम कूलर पर शानदार ऑफर!

**संवाददाता** देहरादून। क्रोमा ने अपने गर्मियों की सेल अभियान की घोषणा की है जो मई 2024 तक जारी रहेगा। गर्मी की शुरुआत के साथ, यह बहुप्रतीक्षित गर्मियों की सेल ग्राहकों के लिए अपने घरों को बढ़ते तापमान से बचाने और शानदार डील तथा भुगतान में आसानी के साथ ताजातरीन उपकरणों से लैस करने का सही अवसर प्रदान करती है। उपभोक्ताओं को स्टोर और क्रोमा.कॉम पर 1.5 टन स्प्लिट एसी की कीमत बस 1,500 रुपये से शुरू होगी। ग्राहक कोई भी इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान ला सकते हैं और नया एसी घर ले जा सकते हैं। ग्राहक आकर्षक एक्सचेंज और अपग्रेड विकल्प, कैशबैक ऑफर और 24 महीने तक की लचीली ईएमआई योजनाओं के साथ 250 प्लस एयर कंडीशनर, 300 प्लस रेफ्रिजरेटर, रूम कूलर और पंखों की व्यापक रेंज पर 45,000 रुपये तक के लाभ और अन्य फायदों का आनंद ले सकते हैं।

### एचडीएफसी बैंक ने भारत भर में 60 बैंकिंग आउटलेट का किया उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, एचडीएफसी बैंक ने पूरे भारत में आरबीआई द्वारा अधिसूचित अनबैंक्ड रूरल सेंटर्स (यूआरसी) में 60 बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) बैंकिंग आउटलेट्स शुरू करने की घोषणा की। ये नए आउटलेट अब एचडीएफसी बैंक की यूआरसी नेटवर्क उपस्थिति को 5,020 आउटलेट्स तक बढ़ा देते हैं। गौरतलब है कि बैंक का 34 प्रतिशत बीसी एजेंट नेटवर्क अब 10,602 गांवों में फॉर्मल फाइनेंशियल प्रोडक्ट और सर्विसेस देने का करने का काम करता है। यह पहल सीएससी ई–गवर्मेंट के सहयोग से की गई थी।

# प्रशिक्षण के दौरान पूरी गहनता से प्राप्त करें प्रशिक्षण

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपादित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में निर्वाचन कार्य को संपादित करने के लिए तैनात किए गए कार्मिकों को मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती की अध्यक्षता में आज तीसरे दिन क्रीड़ा हॉल अगस्त्यमुनि में दो पालियों में 255 प्रथम मतदान अधिकारियों तथा 15 सेक्टर अधिकारियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट का सामान्य प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।

आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने उपस्थित मतदान अधिकारियों तथा सेक्टर अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने हेतु दिए जा रहे प्रशिक्षण को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ लें ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने में कोई व्यवधान न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की शंका होने पर उसका तत्काल समाधान करवा लें। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान पूरी गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त करें।

मास्टर ट्रेनर मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने निर्वाचन प्रक्रिया में तैनात अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने के लिए जो भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसे सभी कर्मचारी गहनता के साथ ग्रहण करें ताकि निर्वाचन प्रक्रिया संपादित करवाते समय किसी भी प्रकार का कोई व्यवधान न हो।



## बूथों पर दीपक जलाकर दिया रोशन उत्तराखंड मजबूत लोकतंत्र का संदेश

**संवाददाता** चमोली। स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चमोली जनपद के बूथों पर रोशन उत्तराखंड मजबूत लोकतंत्र की थीम को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किए गए। इसके तहत कर्णप्रयाग विधानसभा के दुवा, अंगोथ, कांडा, थिरपाक आदि बूथों पर मतदाता चौपाल आयोजित की गई। निर्वाचन विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद के देवाल, छैकुडा, कंडवाल गांव, जुनेर, गडसीर, चमोली, वनूणी, बौंला, घंडियाल, सिरण सहित अन्य बूथों पर दीपक और कैंडल जलकार मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक किया। साथ ही जनपद के थिरपाक गांव में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की ओर से चौपाल आयोजित कर सक्षम एप के साथ ही मतदान संबंधी जानकारी दी।

# आगामी यात्रा शुरू होने से पूर्व ही सभी कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश

### सचिव लोनिवि डॉ पंकज पांडेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग में गतिमान कार्यो का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम यात्रा 2024 को सुगम एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित कराने के लिए एवं दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो तथा राष्ट्रीय राजमार्ग का जो भी निर्माण कार्य गतिमान है, यात्रा से पूर्व पूर्ण करने के लिए सचिव लोनिवि डॉ पंकज पांडेय ने जिलाधिकारी सौरभ गहरवार सहित राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोनिवि के अधिकारियों के साथ रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड तक का निरीक्षण कर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

सचिव लोनिवि ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रुद्रप्रयाग से सोनप्रयाग के बीच जिन स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य किए जा रहे हैं उन सभी कार्यों को यात्रा शुरू होने से पूर्व ही त्वरित गति से कार्य करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि रुद्रप्रयाग से सोनप्रयाग के बीच जिन स्थानों पर डबल लेन सड़क नहीं है उन स्थानों पर त्वरित गति से सड़क को डबल लेन बना लिया जाए। ताकि यात्रा के दौरान जाम की स्थिति पैदा न हो। उन्होंने यह भी निर्देश कि सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक सड़क किनारे इंटर लॉकिंग कर ली जाए।

सचिव पंकज पांडेय ने चीफ इंजीनियर लोनिवि राजेश शर्मा को निर्देश दिए कि गौरी कुंड से तप्त कुंड तक यात्रियों की सुविधा हेतु गतिमान सभी कार्यों को यात्रा से पूर्व पूर्ण कर लिया जाए। ताकि यात्रा को संचालित करने में कोई समस्या न हो। एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुचें सचिव लोनिवि डॉ पंकज पांडेय का जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने स्वागत करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभागों द्वारा केदारनाथ यात्रा के सफल संचालन हेतु की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने सचिव को आश्वस्त किया कि निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

### गेस्ट हाउस निर्माण के खिलाफ ग्रामीणों का तहसील परिसर में धरना शुरू

**संवाददाता** उत्तरकाशी। गंगानी में जिला पंचायत उत्तरकाशी द्वारा किए जा रहे गेस्ट हाउस निर्माण के विरोध में नंदगांव के ग्रामीण मंगलवार को तहसील बड़कोट परिसर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। दो दिन पहले ग्रामीणों ने जुलूस के साथ बड़कोट तहसील में प्रदर्शन किया था। पूर्व तय कार्यक्रम के अनुसार नंदगांव के ग्रामीण मंगलवार को बड़कोट तहसील में पहुंचे तथा यहां तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए हैं। ध्‍ारने पर बैठे ग्राम प्रधान बादर सिंह बिष्ट, रामराज बिष्ट, जगमोहन रावत, गोपाल सिंह बिष्ट आदि ग्रामीणों का कहाना है कि यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे गंगानी क्षेत्र के लोगों का पौराणिक मेला स्थल है। गंगानी में गंगा, यमुना एवं केदार गंगा का पवित्र संगम भी है तथा यहां पौराणिक काल से रवांई घाटी का प्रसिद्ध मेला लगता आ रहा है।



*अगर एक इच्छा पूरी होती है तो, यह समुद्र में कोलाहल की तरह ही अनंत इच्छाएं जागृत करती है।– अज्ञात*

विचार-प्रवाह देहरादून, बुधवार, 20 मार्च 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# जवाबों ने फैलाई सनसनी

**एआई को जितनी अहमियत मिल रही है, जिस तरह की उम्मीदें यह पैदा कर रही है और आने वाले वर्षों में आम जनजीवन में उसकी जितनी बड़ी भूमिका बनती दिख रही है, उसके मद्देनजर पूर्वाग्रहों के इस मसले का टिकाऊ हल ढूंढने की जरूरत है।**

गुलशन राय खत्री।।

गूगल के एआई प्लैटफॉर्म जेमिनाय की ओर से दिए गए गलत और आपत्तिजनक जवाबों से उपजा विवाद एक तरह से खतरे की घंटी है। बेशक, इस मामले में गूगल ने माफी मांग ली है, लेकिन एआई के पूर्वाग्रहों से जुड़ा यह मसला बड़ा है।

चाहे भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर पूछा गया सवाल हो या अमेरिका में डेमोक्रैटिक और रिपब्लिकन दलों से जुड़ा प्रश्न या द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजी सैनिक बनाने की बात– जेमिनाय के रेस्पॉन्स ने अगर सनसनी फैलाई तो वह स्वाभाविक था। लेकिन ध्यान में रखने की बात यह है कि ये सिर्फ कुछ उदाहरण ही हैं। ज्यादा महत्वपूर्ण इस एआई प्लैटफॉर्म की फंक्शनिंग में निहित वे गड़बड़ियां हैं, जिनकी ओर ये संकेत कर रहे हैं। वैसे, इस तरह के मामले सिर्फ किसी एक कंपनी या खास एआई प्लैटफॉर्म तक भी सीमित नहीं है। अगर कोई एक प्लैटफॉर्म किसी एक मामले में गड़बड़ी करता है तो दूसरा किसी और मामले में कर सकता है। अब तक के अनुभव बताते हैं कि एआई पर संदेह करने के ठोस कारण हैं।



मिसाल के तौर पर, एमेजॉन द्वारा 2014 में बनाए गए एक एआई बेस्ड इवैल्यूएशन टूल का जिक्र किया जा सकता है, जिसे 2018 में हटा दिया गया था। पहले की नियुक्तियों से जुड़े डेटा के आधार पर यह क्वॉलिफाइड कैंडिडेट्स के पूल से महिलाओं को बाहर करना सीख गया था।

खास बात यह है कि ऐसे एआई टूल के सिस्टम से पुराने पूर्वाग्रहों को दूर करने की प्रक्रिया में भी एक खतरा है। यह सिस्टम पुराने पूर्वाग्रहों को छोड़ने के क्रम में नए पूर्वाग्रहों को अपना सकता है, जिनका पता लगाना और उन्हें दूर करना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया साबित हो सकती है।

वैसे, इसके लिए एआई सिस्टम को या उसकी फंक्शनिंग को पूरा दोष नहीं दिया जा सकता। बड़ा सवाल यह है कि इसे फीड कैसे किया जा रहा है? इसे जरूरी डेटा कहां से मिल रहा है? किताबों और अकैडमिक पेपर्स जैसे प्रामाणिक स्रोत कम पड़ जाते हैं। उसके बाद विकिपीडिया और ब्लॉग जैसे स्रोतों पर इन प्लैटफॉर्म्स को निर्भर किया जाता है।

कहा जा सकता है कि ये सारे पूर्वाग्रह मूलतरू समाज के अंदर ही हैं। लेकिन इस आधार पर इन्हें मान्य नहीं ठहराया जा सकता। यह जरूर है कि समाज के बड़े हिस्सों में इन पूर्वाग्रहों के कायम रहते एआई से उन्हें हटाना खासा चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है। बहरहाल, एआई को जितनी अहमियत मिल रही है, जिस तरह की उम्मीदें यह पैदा कर रही है और आने वाले वर्षों में आम जनजीवन में उसकी जितनी बड़ी भूमिका बनती दिख रही है, उसके मद्देनजर पूर्वाग्रहों के इस मसले का टिकाऊ हल ढूंढने की जरूरत है। लेकिन इसके साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी नीतिगत सख्ती की वजह से इसकी ग्रोथ प्रभावित न हो और इसकी खूबियों को न भुलाया जाए।

## तुम्हारा भाग्य





**अशोक वोहरा।** साहूकार की छोटी कन्या ने उन भद्रजनों की सलाह पर पूर्णिमा का व्रत विधिपूर्वक संपन्न किया। फलस्वरूप उसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई परन्तु वह शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त हो गया। तब छोटी पुत्री ने उस लड़के को पीढ़ा पर लिटाकर ऊपर से पकड़ा ढ़क दिया। फिर अपनी बड़ी बहन को बुलाकर ले आई और उसे बैठने के लिए वही पीढ़ा दे दिया। बड़ी बहन जब पीढ़े पर बैठने लगी तो उसका घाघरा उस मृत बच्चे को छू गया, बच्चा घाघरा छूते ही रोने लगा। बड़ी बहन बोली– तुम तो मुझे कलंक लगाना चाहती थी। मेरे बैठने से तो तुम्हारा यह बच्चा यह मर जाता। तब छोटी बहन बोली– बहन तुम नहीं जानती, यह तो पहले से ही मरा हुआ था, तुम्हारे भाग्य से ही फिर से जीवित हो गया है। तेरे पुण्य से ही यह जीवित हुआ है।

## संपादकीय

### ट्रेनिंग की जरुरत

कांग्रेस को बीजेपी के प्रभारियों से सीखने की जरुरत है, जो नियमित तौर पर न सिर्फ राज्य में सक्रिय रहते हैं बल्कि उनका तालमेल इस कदर है कि सत्ता में न होने के बावजूद वे राजनीतिक खेल करने में कामयाब हो जाते हैं। ऐसे में जरुरी है कि कांग्रेस को प्रभारी बनाने से पहले उनकी ट्रेनिंग की जरुरत है और उन्हें ये बताया जाना चाहिए कि अगर पार्टी सत्ता में है तो इसका अर्थ ये नहीं कि वे मुख्यमंत्री विरोधी खेमे को हवा दें और वे अगर विपक्ष में हैं तो किस तरह से उस राज्य में पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य करें। बीजेपी में लगभग यही हो रहा है। इसके अलावा पार्टी को प्रभारी बनाते वक्त उस नेता की योग्यता, राजनीतिक कौशल और वरिष्ठता को भी ध्यान में रखना चाहिए। पार्टी के सीनियर लीडर ही अगर प्रभारी बनाए जाएं तो उसका पार्टी को फायदा मिलेगा। इसके साथ सबसे जरुरी है कि पार्टी आलाकमान भी नियमित तौर पर प्रभारियों से भी मिलें और राज्य में ऐसा नेटवर्क भी तैयार करे, जिससे कि उसे प्रभारी की गतिविधियों की भी जानकारी मिले। वरना, पार्टी राज्यों में लगातार गच्चा ही खाती रहेगी।

इसी का नतीजा है कि पार्टी कई बार राज्यों में गलत नेता पर दांव लगाती है। नतीजा ये होता है कि जिस पर दांव लगाती है, वह तो चकमा दे ही जाता है, जिसे इग्नोर करती है, वह भी पार्टी के हाथ से निकल जाता है।

# हाथ से सत्ता खिसक गई

गुलशन राय खत्री।।

राज्यों में लगातार सिकुड़ती जा रही कांग्रेस को राज्यसभा चुनाव के दौरान उस वक्त झटका लगा, जब हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के ही कुछ विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करके बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर दिया। इसके साथ ही राज्य की सरकार पर भी खतरा नजर आने लगा। इससे पहले मध्यप्रदेश में ही गुटबाजी की वजह से कांग्रेस को 15 साल मिली सरकार गंवानी पड़ी थी। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में गुटबाजी की वजह से सरकारें भले ही न गिरी हों लेकिन उसका खामियाजा चुनाव के दौरान झेलना पड़ा और पार्टी के हाथ से सत्ता खिसक गई। आखिर कांग्रेस के साथ लगातार ऐसा क्यों हो रहा है ? महत्वपूर्ण ये है कि हर बार बगावत करने वाले विधायकों का आरोप होता है कि पार्टी आलाकमान उनकी सुनवाई नहीं कर रहा या उन्हें मिलने के लिए वक्त ही नहीं दे रहा। ऐसे में लंबे इंतजार के बाद उन्हें ऐसा कदम उठाना पड़ा है। यही स्थिति पार्टी की उन राज्यों में भी होती रही है, जहां कांग्रेस विपक्ष में है। लेकिन इतने कड़वे अनुभवों के बावजूद अब तक ऐसा नहीं लगता कि कांग्रेस ने इससे कोई– सबक सीखा हो।



कांग्रेस के साथ इस तरह की समस्या की वजह ये है कि पार्टी आलाकमान के पास ऐसा कोई विश्वसनीय नेटवर्क नहीं है, जिससे कि उसे वक्त पर राज्यों में सुलग रही बगावत की आहट पहले से ही मिल जाए। इसी का नतीजा है कि पार्टी कई बार राज्यों में गलत नेता पर दांव लगाती है। नतीजा ये होता है कि जिस पर दांव लगाती है, वह तो चकमा दे ही जाता है, जिसे इग्नोर करती है, वह भी पार्टी के हाथ से निकल जाता है। पंजाब इसका ताजा उदाहरण है। पार्टी ने नवजोत सिंह सिद्धू का साथ दिया और कैप्टन अमरेन्द्र सिंह को खो बैठी। बाद में उनकी जगह जब चरणजीत सिंह चन्नी को लगाम दी तो सिद्धू उससे भी भिड़ गए। इसके बाद पंजाब भी कांग्रेस के हाथ से फिसल गया।

इन सभी गड़बड़ियों की साफ वजह है कि कांग्रेस का 'प्रभारी' सिस्टम बहुत प्रभावशाली नहीं है। दरअसल, राजनीतिक दलों में प्रभारी इसलिए बनाए जाते हैं ताकि वे पार्टी आलाकमान और राज्यों के बीच न सिर्फ तालमेल बनाएं बल्कि अगर राज्य में कहीं कोई सुगबुगाहट है तो आलाकमान को पहले ही अलर्ट कर दें। लेकिन कांग्रेस में संभवतः ऐसा हो नहीं रहा। जिसकी वजह से पार्टी राजनीतिक नुकसान तो झेलती ही है, साथ ही उसकी इमेज भी खराब हो रही है। इससे पहले गोवा भी एक उदाहरण है, जहां प्रभारी बनाकर भेजे गए दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह की लेटलतीफी की वजह से राज्य में सरकार ही बीजेपी के हाथ में चली गई।

फर्क इतना था कि कांग्रेस का प्रभारी ये मानकर बैठे थे कि सरकार तो कांग्रेस के बिना बनेगी ही नहीं और दूसरी ओर बीजेपी के प्रभारी नितिन गडकरी ने रातोंरात ही गोवा पहुंचकर ऐसा 'खेल' खेला कि बीजेपी की सरकार बन गई, जिसे अब तक कांग्रेस हिला नहीं सकी है। दरअसल, कांग्रेस में प्रभारी बनने का अर्थ ये मान लिया जाता है कि वे वहां के मुख्यमंत्री को नियंत्रित करने वाले केंद्र के प्रतिनिधि हैं। कई उदाहरण ऐसे हैं, जबकि प्रभारी को विधायकों की बगावत का पता ही नहीं चल पाया जबकि कायदे से प्रभारी को राज्य की हर गतिविधि की जानकारी होनी चाहिए।

### अष्टयोग-5050

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5049 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### तो कैसे मां बनी वो

**मोहन।** वॉलनट मां बनकर अपनी प्रजाति को आगे बढ़ाए इसके लिए जू में ही काम करने वाले क्रो नाम के शख्स आगे आए। उन्होंने उसी इंस्टिट्यूट में रह रहे दूसरे नर वाइट नेप्ड क्रेन्स के वो हावभाव सीखे जो वे ब्रीडिंग सीजन में मादा को रिझाने के लिए करते हैं। यह ट्रिक काम आ गई। क्रो ने वॉलनट के सामने हाथ फैलाकर पंख फड़फड़ाने की एक्टिंग की, यह देख उत्साहित वॉलनट ने भी बदले में अपने पंख फड़फड़ाए। क्रो ने सिर झुकाकर उसी तरह जमीन पर आधा चक्कर काटा जैसा नर क्रेन करते। एक बार जैसे ही क्रो ने वॉलनट का विश्वास जीता, क्रो ने एक नर क्रेन के स्पर्म आर्टिफिशियल तरीके से वॉलनट में डाल दिए। वैसे भी दुनिया में यह प्रजाति विलुप्त हो रही थी। ऐसे में सभी उसे बचाना चाहते थे और उसकी पीढ़ी को आगे बढ़ाना चाहते थे। वॉलनट आर्टिफिशियल तरीके से गर्भवती ही नहीं बनी बल्कि उसने आठ बच्चों को भी जन्म दिया। हुआ यूं कि जन्म के तुरंत बाद उन आठ अंडों को एक सारस जोड़े के पास सेकने के लिए रखा गया। इस जोड़े ने भी बिल्कुल अपने अंडों की तरह देखभाल दी और जल्द ही आठ बच्चे उन अंडों से निकले। आज इसी इंस्टिट्यूट में वॉलनट की प्रजाति के आठ सारस हैं जिनमें एक वॉलनट का बच्चा है तो दूसरा उसका पोता है।






## मिले जब हम तुम की रति पांडे टीवी से होने के नाते झेल चुकी हैं भेदभाव

मिले जब हम तुमश की नुपुर शर्मा और हिटलर दीदी के नाम से मशहूर एक्ट्रेस रति पांडे 22 मार्च को अपनी भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती में नजर आने वाली हैं। उसी के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने अपने साथ होने वाले भेदभाव का भी जिक्र किया। साथ ही इन्होंने कई प्रोजेक्ट्स को हाथ से जाने के बारे में भी बताया। रति पांडे ने इंटरव्यू में प्रोजेक्ट्स को खोने का अफसोस जताया। कहा, मेरा मानना है कि मिले जब हम तुम और हिटलर दीदी मेरी लाइफ का सबसे अच्छा पल था और मैंने उस दौर को खूब इंजॉय भी किया। उसके बाद मेरी चॉइस ऐसी थी कि डाउनफॉल भी आया। कई बार ऐसा लगता है कि अगर थोड़े पैसे कम करके वो प्रोजेक्ट कर लेती तो अच्छा होता। लेकिन बीच में जितने भी डाउनफॉल आए हैं, मैं उसके लिए यूनिवर्स को थैंक यू कहती हूं कि मेहरबानी हमेशा बनी रही। मैं एक बात में विश्वास करती हूं कि जो भी होता है, अच्छे के लिए होता है। तो आज तक जो भी हुआ है, मेरे लिए अच्छा ही हुआ है। मैं हमेशा लंबा गैप लेती हूं क्योंकि मैं हर समय टेलीविजन के संपर्क में नहीं रहना चाहती थी। मैंने टीवी पर बतौर लीड अब तक जितने भी आठ शोज किए हैं, उनमें से जो भी किरदार मैंने किए हैं, सभी किरदार एक–दूसरे से काफी अलग थे। मैंने कभी कोई किरदार दोहराया नहीं।

## चुलबुल पांडे फिर मचाएंगे धमाल! दबंग 4 को अरबाज खान ने किया कंफर्म

सलमान खान के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। सबके दिलों में बसने वाले भाईजान भले ही इस बार ईद पर बड़े पर्दे पर नजर नहीं आएंगे। लेकिन आने वाले दिनों में वह धमाल मचाने वाले हैं। पिछले दिनों साजिद नाडियाडवाला ने कंफर्म किया था कि अगले साल ईद 2025 वह सलमान के साथ धमाका मचाने वाले हैं, वहीं अब अरबाज खान ने भी कंफर्म किया है कि वह ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी दबंग के चौथे पार्ट यानी दबंग 4 का निर्माण करने वाले हैं। यानी बड़े पर्दे के सबसे पॉपुलर पुलिसवाले चुलबुल पांडे की वापसी होने वाली है। बीते दिनों, ऐसी अफवाह उड़ी थी कि सलमान और उनके भाई अरबाज खान ने दबंग 4 के लिए जवान के डायरेक्टर एटली से मुलाकात की है। अब अरबाज ने यह कहा है कि वह एटली से कभी नहीं मिले हैं। सलमान खान के छोटे भाई अरबाज ने कहा, किसी को भी इन अफवाहों पर तब तक यकीन नहीं करना चाहिए, जब तक कि वह खुद इसकी पुष्टि न कर लें।

## मलाइका के बेटे अरहान को लॉन्च करने जा रहे हैं सलमान?



बॉलीवुड स्टार किड्स के फिल्मों में एंट्री का सिलसिला कोई नया नहीं है। पिछले साल सुहाना खान से लेकर खुशी कपूर, अगस्त्या नंदा जैसे स्टार किड्स ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा और अब चर्चा है मलाइका और अरबाज के बेटे अरहान की। चर्चा है कि सलमान खान अपने भतीजे को लॉन्च करने की तैयारी में हैं। तमाम स्टार किड्स के बॉलीवुड में एंट्री की खबरों के बीच अब मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान के बेटे अरहान खान को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। खबर है कि सलमान खान अपने भतीजे अरहान को लॉन्च करने की तैयारी में हैं। बताया जा रहा है कि अरबाज खान ने बेटे के डेब्यू को लेकर ये बातें खुद कही हैं। बताया जा रहा है कि सलमान एक नहीं बल्कि दो–दो भतीजे को साथ लॉन्च करने जा रहे हैं। अरबाज खान ने बेटे और भतीजे को लेकर कुछ बातें कही हैं। न्यूज 18 से बातचीत में अरबाज ने कहा कि उनका बेटा इस वक्त डेब्यू की तैयारी में जुटा है। उन्होंने इस खबर पर भी रिएक्ट किया है कि क्या वास्तव में सलमान अरहान और सोहेल के बेटे निर्वाण को लॉन्च करने जा रहे हैं। अरबाज ने इस बारे में बताते हुए कहा, श्मुझे पता नहीं, मेरे हिसाब से तो ये अफवाहें हैं। ये मैंने अबतक सुना ही नहीं।

# गिरफ्तारी के बाद एल्विश यादव का वीडियो वायरल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*कभी साधारण जिंदगी जीने वाले एल्विश यादव यूट्यूब की बदौलत कामयाब हो गए। उनके पास करोड़ों की धन–दौलत भी आ गई। आगे–पीछे फैंस मंडराने लगे। वो सोशल मीडिया सिलेब्रिटी बन गए और कहने लगे– रहना होगा सिस्टम के नीचे। आज वाकई वो सिस्टम के नीचे ही हैं। उनकी गिरफ्तारी ने उन लोगों की बोलती बंद कर दी, जो ये मानते थे कि रुपये–पैसों से सबकुछ खरीदा जा सकता है। खैर। एल्विश अभी जेल में बंद हैं। उन्हें कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। मामला सांपों के जहर की तस्करी से जुड़ा है और रिपोर्ट्स बता रही हैं कि उन्होंने अपना गुनाह कुबूल भी कर लिया है। इस बीच उनका एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो साल 2021 में ड्रग्स केस में अरेस्ट हुए शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को रोस्ट कर रहे हैं। ये वीडियो देखकर जनता कह रही है, इसे कहते हैं कर्मा!*

**जनता बोली- इसे कहते हैं कर्मा**

एल्विश यादव को 17 मार्च को गौतम बुद्ध नगर पुलिस ने सांपों के जहर की तस्करी से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। जानकारी के मुताबिक, उनके जवाब संतोषजनक नहीं थे, इसलिए पुलिस ने उन्हें तुरंत अरेस्ट कर लिया। उनकी कल की रात जेल में ही कटी है और सोमवार को भी उन्हें कोई



राहत नहीं मिली। फिलहाल, उनके वकील उन्हें जेल की सलाखों से बाहर निकालने की पूरी कोशिश में जुटे हुए हैं।

**एल्विश ने आर्यन खान के फैंस का किया था विरोध**

3 अक्टूबर 2021 की बात है। एक क्रूज शिप पर छापेमारी के बाद शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को एनसीबी ने अरेस्ट किया था। उन्हें भी जेल भेज दिया गया था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस सपोर्ट में खड़े हो गए थे। तब एल्विश ने इसका विरोध करते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

**एल्विश यादव का पुराना वीडियो वायरल**

एल्विश ने कहा था, पता है क्या चीज मुझे नहीं पसंद। मुझे नहीं पसंद उनके वो अंधे फैंस जो ट्विटर पर ट्रेंड करा रहे हैं आई स्टैंड विद आर्यन खान। भाई। तुम कितने पागल हो यार, कितने अंधे हो, किसी बंदे ने गलत कर दिया, एक लड़का ड्रग्स के साथ पकड़ा गया, उस पर चार्जशीट फाइल हुई, वो अरेस्ट हो गया, भाई सारी चीज हो गई। मतलब जो चीज क्रिमिनल ने कर रखा हो, वो क्राइम कर रखा हो, सारी चीज उसके साथ हो गई, इसके बाद भी भइया उनके फैंस राजी नहीं हैं बिल्कुल मानने को।

**एल्विश ने लगाया था ड्रग्स को नॉर्मलाइज करने का आरोप**

26 साल के एल्विश यादव आगे कह रहे हैं, सारे इनको सपोर्ट कर रहे हैं। ये तुम समझ रहे हो कि क्या करना चाह रहे हैं, ये बेसिकली ड्रग्स को नॉर्मलाइज करना चाह रहे हैं कि भाई 23 साल का बच्चा ही तो है। यार ड्रग्स ले ली, क्या हो गया।

# वीर सावरकर बनने के लिए खपा डाला शरीर

*रणदीप हुड्डा का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनकी एक तस्वीर ने फैंस को शॉक्ड कर दिया है। वो अपनी फिल्म श्स्वातंत्र्य वीर सावरकरश की तैयारी कर रहे हैं, जो 22 मार्च 2024 को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के लिए एक्टर ने कड़ी मेहनत की है।*



बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा एक्टर तो हैं, लेकिन वो उन्हें फैंस का प्यार इसलिए भी मिलता है, क्योंकि वो जिस किरदार को निभाते हैं, उसके लिए जी–तोड़ मेहनत करते हैं और पूरी जान लगा देते हैं। जब उन्होंने साल 2016 में सरबजीत मूवी के लिए खुद को भूखा रखा था और एकदम पतले–दुबले हो गए थे, तब भी जनता हैरान रह गई थी और एक बार फिर उन्होंने स्वातंत्र्य वीर सावरकर मूवी के लिए ऐसा ही कारनामा किया है। उन्होंने अपनी लेटेस्ट फोटो शेयर की है, जिसे देखकर सभी ने दांतों तले उंगलियां दबा ली हैं और उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ लोग तो ये भी बोल रहे हैं कि उन्हें इस फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड जरूर मिलेगा।

**सावरकर का बेजोड़ किरदार निभाया**

मालूम हो कि रणदीप हुड्डा इस मूवी से डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर का बेजोड़ किरदार निभाया है। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है और फिल्म 22 मार्च को हिंदी और मराठी भाषा में थिएटर्स में रिलीज होगी।

**रणदीप हुड्डा का तगड़ा ट्रांसफॉर्मेशन**

रणदीप हुड्डां ने इंस्टाग्राम पर करीब एक घंटे पहले अपनी एक मिरर सेल्फी शेयर की। वो इतने दुबले दिख रहे हैं कि उनकी एक–एक हड्डी–पसली दिखाई दे रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, काला पानी।

**ट्रांसफर्मेशन देख फैंस हुए शॉक्ड**

रणदीप का ट्रांसफॉर्मेशन देख फैंस एकदम शॉक्ड हैं। एक ने कॉमेंट किया, इसे कहते हैं एक्टर। दूसरे ने लिखा, क्या बंदा है। हर एक कैरेक्टर में जान लगा देता है। सबकुछ डबल करके देता है। एक और ने लिखा, भाई नेशनल अवॉर्ड की तैयारी कर लो।

# लंबी उम्र तक जीना चाहते हैं, तो इन 3 विटामिन को लेना करें स्टार्ट

*लंबी उम्र की चाहत तो अमूमन सभी रखते हैं, लेकिन अनजाने में हम सभी ऐसा लाइफस्टाइल फॉलो करते हैं, जो इसके विपरीत हमें लेकर जा रहा होता है। इस लेख में लंबी और स्वस्थ उम्र के लिए जरूरी विटामिन्स से जुड़ी जानकारी साझा कर रहे हैं।*



**इन रोगों के होने की संभावना करे कम**
शरीर में पर्याप्त विटामिन–ई खाने से अल्जाइमर व उम्र के साथ होने वाले रोगों के होने का खतरा कम होता है। इसे आमतौर पर ड्राई फ्रूट्स, सीड्स, पालक, अनार आदि में पाया जाता है।

**विटामिन-डीः** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम विटामिन–डी का आता है। इसे सनशाइन के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन हमारे शरीर के कई सारे अहम कार्यों में इसकी अहम भूमिका होती है। जिस तरह एक पेड़ पानी न मिलने पर मुरझा जाता है व सुखकर खत्म हो जाता है। ठीक उसी समान विटामिन–डी हमारे शरीर में जान भरने समान होता है। ये हड्डियों को स्वस्थ रखने से लेकर, इम्यूनिटी को बूस्ट, मूड को बेहतर रखने आदि में सहायक होता है।

**इन रोगों का कम होता है जोखिम**
शरीर में विटामिन–डी की पर्याप्त मात्रा से ऑटोइम्यून रोग, कैंसर, हार्ट डिजीज आदि का जोखिम कम होता है। वैसे तो इसका सबसे अच्छा स्तोत्र सूर्य की रोशनी को माना जाता है। लेकिन फिश लिवर ऑयल व अंडे की जर्दी भी विटामिन–डी से भरपूर होते हैं। वहीं, कुछ लोग इसकी टैबलेट लेते हैं।

**विटामिन-सीः** इस लिस्ट में दूसरा नाम आता है विटामिन–सी का। ये भी इम्यूनिटी को दुरुस्त रखने के साथ शरीर में कोशिकाओं को फ्री रेडिकल्स से पहुंचने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान करता है। साथ ही कोलेजन के निर्माण से लेकर आयरन के अवशोषण के लिए इसे जरूरी माना जाता है।

**विटामिन-ई**
लंबे और हेल्दी जीवन के लिए तीसरा और आखिरी विटामिन–ई आपके लिए जरूरी है। यह स्किन को हेल्दी रखने के साथ इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर में होने वाले ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन को रोकने में मददगार होते हैं। साथ ही यह कई क्रोनिक डिजीज के होने से भी बचाता है।



## एक्सरसाइज के बाद पिएं ये खास ड्रिंक, जल्दी पूरा होगा आपका फिटनेस गोल

हेल्दी डाइट लेने के बाद भी कुछ लोगों को कमजोरी महसूस होती है। इसके पीछे शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। मोटापा, कैंसर, दिल की बीमारी, हड्डियों की कमजोरी, ना जाने कितनी ही बीमारियां न्यूट्रिशन की कमी से पैदा हो सकती हैं। आयुर्वेद का एक देसी चूर्ण इन सभी समस्याओं को खत्म कर सकता है। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. रोबिन शर्मा ने बताया कि इस चूर्ण में एंटीऑक्सीडेंट्स, न्यूट्रिशन और डिटॉक्सिफाइंग प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं। जिससे स्किन और हेयर हेल्थ सुधरती है। यह पाउडर मोरिंगा के पत्तों से बनाया जाता है। ताकत देने वाला यह चूर्ण आटे में मिलाकर हफ्ते में 3 बार खाया जा सकता है। डॉ. रोबिन ने बताया कि हफ्ते में 3 बार ये पाउडर लेना शुरू कर दें। मोटापा आपको छू भी नहीं पाएगा। दर्द पास नहीं फटकेगा और कमजोरी का नाम तक भूल जाएंगे। आयुर्वेद में इसे वात और कफ दोष को शांत करने वाला बताया है। यह पॉलीफेनोल से भरपूर है, जो लिवर को डिटॉक्सिफाई करता है और लिवर की कमजोरी मिटाता है। अगर खाना खाने के बाद भी कमजोरी रहती है तो इसका मतलब ताकत देने वाला पोषण नहीं मिल रहा है। इसमें प्रचुर मात्रा में आयरन होता है, जिस वजह से खून की कमी खत्म होती है।

## दिमाग के लिए सबसे ताकतवर है ये फूड, बादाम–अखरोट नहीं टिक पाएंगे सामने

शरीर की एक–एक मसल्स दिमाग के जरिए काम करती है। जरा सी गड़बड़ी होने पर बॉडी फंक्शन बिगड़ जाते हैं। इसके अलावा याददाश्त कमजोर होने लगती है। दिमाग की कमजोरी बुढ़ापे में अल्जाइमर और डिमेंशिया बन सकती है। इसलिए इसे ताकत देने वाले फूड जरूर खाने चाहिए। दिमाग को तेज रखने के लिए लोग बादाम और अखरोट का सेवन करते हैं। यह ब्रेन फंक्शन के लिए काफी हेल्दी हैं। मगर हार्वर्ड के एक्सपर्ट्स इन्हें बेस्ट फूड नहीं मानते हैं। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, हार्वर्ड की न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. उमा नायडू और हार्वर्ड ट्रेंड न्यूरोसाइंटिस्ट लिसा जेनोवा हरी पत्तेदार सब्जियों को सबसे ताकतवर मानती हैं। डॉ. उमा नायडू के मुताबिक हरी पत्तेदार सब्जियां खाने से दिमाग के लिए जरूरी विटामिन बी9 मिलता है। दिमाग को विकसित होने और न्यूरोट्रांसमीटर के फंक्शन के लिए विटामिन बी9 चाहिए। इसे फोलेट भी कहते हैं और इसकी कमी से डिप्रेशन और विकास में बाधा आ सकती है। उम्र बढ़ते हुए याददाश्त कमजोर होती है। आप चीजों को धीरे–धीरे सीखते या समझते हैं।

## ओ तेरी! कैंसर सेल्स को खा जाती है ये पिद्दी सी घास




इन दिनों आप किसी भी पार्क में चले जाएं या अपने गमलों में देखें आपको हरे रंग के छोटे–छोटे पत्तों वाली एक घास नजर आएगी। इस घास का नाम चंगेरी (बिंदहमतप) है जिसका वैज्ञानिक नाम ब्गसमचपदह ्वगकेवततमस है। इस पर पीले रंग के छोटे–छोटे फूल और खट्टे फल आते हैं। आपने बचपन में इसे जरूर चबाया होगा क्योंकि इसका टेस्ट खट्टा होता है और इसे खाने में मजा आता है। चंगेरी को जंगली घास इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि इसे उगाना नहीं पड़ता, यह खुद उगती है। क्या आप जानते हैं कि यह पिद्दी सी घास आपको कैंसर सहित गठिया और दिल के रोगों से बचा सकती है। आयुर्वेद में इस घास को जबरदस्त औषधि माना जाता है और कई विकारों के उपचार में इस्तेमाल किया जाता है। सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंस के अनुसार, इस पौधे का उपयोग विभिन्न रोगों जैसे इर्रिटेबल बाउल डिसऑर्डर, दस्त, बवासीर, त्वचा रोग आदि में उपचार के लिए किया जाता है। चलिए जानते हैं चंगेरी घास के और क्या–क्या फायदे हैं। चंगेरी में विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन ड्ड और कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम जैसे खनिजों सहित कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये पोषक तत्व समग्र स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं।

# फायदा ही नहीं नुकसान भी पहुंचाता है कोलेजन



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*खूबसूरत बाल और मजबूत नाखून पाने के लिए कई लोग कोलेजन सप्लीमेंट्स या पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। कोलेजन सप्लीमेंट्स एक प्रकार का आहार अनुपूरक है जो त्वचा, बालों, हड्डियों और जोड़ों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए जाना जाता है। ये सप्लीमेंट्स विभिन्न रूपों में उपलब्ध हैं, जैसे कि पाउडर, कैप्सूल, गमीज। कोलेजन त्वचा से झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करते हैं। बालों को मजबूत और घना बनाते हैं। हड्डियों को मजबूती और जोड़ों के दर्द को कम करते हैं। लेकिन क्या ये सप्लीमेंट्स वाकई उतनी फायदेमंद हैं, जितना दावा किया जाता है? हालांकि इनके कुछ फायदे हो सकते हैं, ये जानना भी जरूरी है कि इनके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। आइए जानते हैं बालों और नाखूनों के लिए अच्छे मानें जाने वाले कोलेजन के सप्लीमेंट्स के 6 साइड इफेक्ट्स के बारे में।*

**किडनी स्टोन का खतरा**
कोलेजन की गोलियों का एक संभावित नुकसान है कि इनसे किडनी स्टोन बनने का खतरा बढ़ सकता है। एडवांसेज ऑफ यूरोलॉजी नाम की पत्रिका में छपी रिसर्च बताती है कि खासकर जानवरों से बनाए गए कुछ खास तरह के कोलेजन लेने से किडनी स्टोन बनने का खतरा बढ़ सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कुछ कोलेजन की गोलियों में ऑक्सालेट और कैल्शियम की मात्रा ज्यादा होती है, जो किडनी में स्टोन बनने का कारण बन सकते हैं।

**पाचन संबंधी समस्याएं**
हालांकि कोलेजन की गोलियां खाने से खूबसूरती बढ़ाने का दावा किया जाता है, लेकिन ये आपके पाचन तंत्र को भी खराब कर



सकती हैं। कुछ लोगों को कोलेजन की गोलियां लेने के बाद पेट फूलना, गैस बनना और यहां तक कि दस्त भी लग सकते हैं। ये समस्याएं खासकर उन लोगों को हो सकती हैं जिनका पेट पहले से ही संवेदनशील होता है या उन्हें पहले से ही कोई पाचन संबंधी बीमारी है।

**लिवर में समस्या**
हालांकि ये बहुत कम होता है, कुछ लोगों में कोलेजन की गोलियों के इस्तेमाल से लिवर में समस्याएं देखी गई हैं। ये समस्याएं लिवर एंजाइमों के बढ़ने या लिवर को नुकसान पहुंचने के रूप में सामने आ सकती हैं, हालांकि इनका सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। अगर आपको कोलेजन की गोलियां लेते समय पेट में अचानक दर्द, पीलिया (आंखों और त्वचा का पीला पड़ना) या पेशाब का रंग गहरा हो जाने जैसे लक्षण दिखाई दें, तो जल्द से जल्द डॉक्टर से जांच करवाएं।

**एलर्जिक रिएक्शन**
भले ही ये कम ही होता है, लेकिन कोलेजन की गोलियों से एलर्जिक रिएक्शन भी हो सकता है। एलर्जी के लक्षणों में खुजली, सूजन, रैश, सांस लेने में तकलीफ और गंभीर मामलों में एनाफिलेक्सिस शामिल हैं। इसलिए जरूरी है कि कोलेजन की गोलियां लेने से पहले आप इनके लेबल को ध्यान से पढ़ें और अगर आपको किसी चीज से एलर्जी है या पहले कभी एलर्जिक रिएक्शन हुआ है, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

**सिरदर्द और चक्कर आना**
कुछ मामलों में, कोलेजन की गोलियां लेने से सिरदर्द और चक्कर आने की समस्या हो सकती है। खासकर अगर आप इन गोलियों को बहुत ज्यादा मात्रा में लेते हैं या आपको किसी खास चीज से एलर्जी है। ये लक्षण शरीर द्वारा कोलेजन के प्रति रिएक्शन या किसी दूसरी दवाई के साथ इसके गलत रिऐक्शन के कारण हो सकते हैं। अगर आपको कोलेजन की गोलियां लेने के बाद लगातार सिरदर्द या चक्कर आते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।



ब्रेक के बाद वापसी

विराट कोहली ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से ब्रेक लिया था। विराट कोहली ने अपने बेटे के जन्म के लिए ब्रेक लिया था और अब वो क्रिकेट एक्शन में लौटने को बेकरार हैं। 35 साल के कोहली 22 मार्च को आईपीएल 2024 के पहले मैच में खेलते हुए नजर आएंगे। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम उद्घाटन मैच में गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगी।

## विराट कोहली ने आईपीएल से पहले नया लुक अपनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2024 से पहले नया लुक लिया है। कोहली ने प्रसिद्ध स्टाइलिस्ट आलीम खान से अपना मेकओवर कराया है। आरसीबी के पूर्व कप्तान का नया लुक फैंस को खूब भा रहा है और उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं। विराट कोहली ने नया हेयरस्टाइल लिया है, जो फैंस को खूब रास आ रहा है। आलीम खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टार क्रिकेटर के नए लुक की फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, एक और इकलौते किंग कोहली। कोहली अपने नए लुक के साथ आगामी आईपीएल में धमाल मचाना चाहेंगे। विराट कोहली के लिए आगामी आईपीएल महत्वपूर्ण रहने वाला है। वो गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी होकर खेलना चाहेंगे। कोहली के लिए फॉर्म में रहना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि आगामी टी20 वर्ल्ड्ड कप के लिए उनके चयन को लेकर काफी चर्चाएं हैं। कई लोग कह रहे हैं कि विराट कोहली का चयन टी20 वर्ल्ड कप 2024 में नहीं होना चाहिए जबकि प्रबंधन के सूत्रों की तरफ से खबर आ रही है कि उन्हें हर हाल में चुना जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने तैयार किया भारत के लिए माया जाल

क्रिकेट

## एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी को भी वेन्यू के रूप में चुना गया

इस साल नवंबर में हो सकती है टेस्ट सीरीज की शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के आखिर में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की बहुप्रतीक्षित सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। 'सिडनी मार्निंग हेराल्ड' की रिपोर्ट के अनुसार इस सीरीज के बाकी मैच एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में खेले जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है,'एडिलेड दूसरे टेस्ट मैच जबकि ब्रिस्बेन तीसरे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा।

बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच हर बार की तरह मेलबर्न में होगा जबकि नए साल पर दोनों टीम सिडनी में अंतिम मैच खेलेंगे।' एडिलेड में



खेले जाने वाला दूसरा मैच डे–नाइट का होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक अगले सत्र का कार्यक्रम जारी नहीं किया है लेकिन वह इस महीने के आखिर तक अंतिम घोषणा कर सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत इस साल नवंबर में हो सकती है।

यह 1991–92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी। इससे पहले 1991–92 में भारतीय टीम को 4–0 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने जब 2018–19 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था तब पर्थ में दूसरा टेस्ट मैच खेला गया था जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 146 रन से जीता था।

इन दोनों देश के बीच 2020–21 में खेली गई सीरीज से पहले पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट संघ ने पर्थ को एक भी मैच की मेजबानी नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की थी। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में सिर्फ भारत को ही ऐसी टीम माना जा रहा है, जो ऑस्ट्रेलिया को उसी के मैदान पर हराने में सक्षम है।

## डब्ल्यूपीएल से तो तुलना छोड़ो, पीकेएल से भी काफी कम है रकम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल में इस्लामाबाद यूनाइटेड ने मुल्तान सुल्तांस को 2 विकेट से रौंदकर तीसरी बार पीएसएल का खिताब अपने नाम किया। रोमांचक मुकाबले में इमाद वासिम इस्लामाबाद यूनाइटेड के रियल हीरो रहे, जिन्होंने फाइनल में फाइव विकेट हॉल लेकर टीम को ये धांसू जीत दिलाई। चार बार फाइनल में जगह बनाने वाली मुल्तान सुल्तांस की टीम को इस साल भी ट्रॉफी नसीब नहीं हुई। इस्लामाबाद यूनाइटेड को खिताब जीतने के बाद जो प्राइज मनी मिली वह महिला प्रीमियर लीग की विजेता टीम आरसीबी से कम है। आइए जानते हैं दोनों की प्राइज मनी में

■ आखिरी गेंद पर इस्लामाबाद यूनाइटेड को मिली जीत

कितना अंतर है?

दरअसल, पाकिस्तान सुपर लीग 2024 की विजेता टीम इस्लामाबाद यूनाइटेड को 14 करोड़ पाकिस्तानी रुपये मिले। भारतीय रुपये में इस्लामाबाद को करीब 4.13 करोड़ रुपये मिले है, जबकि मुल्तान सुल्तांस को उपविजेता बनने के लिए करीब 1.65 करोड़ भारतीय रुपये मिले। पीएसएल की विजेता और उपविजेता टीम को जो प्राइज मनी मिली है वो विमेंस प्रीमियर लीग की चैंपियन टीम आरसीबी से काफी कम है। आरसीबी को खिताब जीतने पर 6 करोड़ रुपये मिले थे।


इसके अलावा आईपीएल के सामने तो फिर पीएसएल काफी पीछे है। आईपीएल 2023 की चैंपियन टीम सीएसके को प्राइज मनी के रूप में 20 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं, प्रो कबड्डी लीग की विजेता टीम को इस साल 7 करोड़ रुपये इनाम के रूप में मिले।

पीएसएल 2024 के फाइनल मैच में मुल्तान सुल्तांस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था। मुल्तान सुल्तांस की तरफ से उस्मान खान ने 57 रन की पारी खेली थी। वहीं, कप्तान मोहम्मद रिजवान के बल्ले से 26 गेंदों पर 26 रन निकले। इफ्तिखार अहमद ने 32 रन बनाए। इस तरह मुल्तान सुल्तांस ने 9 विकेट के नुकसान पर 159 रन का स्कोर खड़ा किया।

### डेब्यू मैच में छाए भारत की शान सुमित नागल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में हराकर शानदार शुरुआत की। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने गजब का धैर्य और जज्बा दिखाया, जबकि क्वॉलिफायर के पहले दौर में डायलो को 7–6(3) 6–2 से पराजित किया। पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं। नागल ने राफेल नडाल के अंतिम अवसर पर हटने के कारण अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे।

### न्यूज डायरी



### ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका के बॉयफ्रेंड का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विश्व की नंबर 2 टेनिस खिलाड़ी और मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका के बॉयफ्रेंड कॉन्स्टेंटिन कोल्टसोव की मौत हो गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो अमेरिका में उनका निधन हुआ है। सबालेंका अभी दुनिया की टॉप महिला खिलाड़ी में गिनी जाती हैं। उन्होंने लगातार दो साल ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता है। सबालेंका और कोल्टसोव की उम्र में करीब 17 साल का अंतर था। बेलारूस के कॉन्स्टेंटिन कोल्टसोव आइस हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। 42 साल के कोल्टसोव नेशनल हॉकी लीग के पिट्सबर्ग पेंगुइन के साथ तीन सीजन खेल चुके हैं। इसके अलावा वह विंटर ओलिंपिक में भी हिस्सा ले चुके। उनके की मौत की पुष्टि सोशल मैसेजिंग साइट टेलीग्राम पर उनके पूर्व क्लब सलावत युलाएव ऊफा के अकाउंट से की गई। रूसी क्लब के बयान में कहा गया, श्गहरे दुख के साथ हम आपको सूचित कर रहे हैं कि सलावत युलाएव के कोच कॉन्स्टेंटिन कोल्टसोव का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि कॉन्स्टेंटिन कोल्टसोव का निधन अमेरिका के मियामी में हुआ है। अभी तक मौत की वजह का पता नहीं चला है। लेकिन डेली मेल की रिपोर्ट को माने तो ब्लड क्लॉट मौत की वजह है। ऐसा माना जाता है कि जून 2021 में पहली बार जुड़ने के बाद सबालेंका और कोल्टसोव ने तीन साल तक डेट किया था और दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी ने अक्सर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी एक साथ तस्वीरें पोस्ट की हैं।

### बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में बड़ा बदलाव, दो प्लेयरों को किया गया शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के नए बल्लेबाजी स्टार सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का ईनाम मिला है। दोनों खिलाड़ियों को बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध में शामिल कर लिया। सरफराज और जुरेल को ग्रुप सी में एक करोड़ रुपये की वार्षिक रिटेनरशिप फीस में शामिल किया गया। इन दोनों ने वर्तमान सत्र में तीन टेस्ट खेलने के मानदंड को पूरा कर लिया है। बीसीसीआई की हुई शीर्ष परिषद की बैठक के दौरान इन दोनों के नाम की अनुमति दी गई। बीसीसीआई ने साल 2023–24 के लिए प्लेयर्स कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट का ऐलान 28 फरवरी को किया था। इस लिस्ट में 30 खिलाड़ियों के नाम शामिल थे, लेकिन अब इस लिस्ट में बदलाव कर दिया गया है। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट में अब 30 की जगह 32 खिलाड़ी हो गए हैं। सरफराज और जुरेल का भी नाम जुड़ गया है। वहीं, बीसीसीआई के अगले सत्र के लिए रणजी ट्रॉफी के कैलेंडर में बदलाव करने की संभावना है। बीसीसीआई दिसंबर और जनवरी के महीने के दौरान भारत के उत्तरी हिस्से में किसी भी मैच का आयोजन नहीं करेगा, क्योंकि धुंध और खराब रोशनी के कारण मुकाबलों में बहुत बाधा उत्पन्न होती है। पूरे घरेलू कैलेंडर की घोषणा बाद में की जाएगी।

### मुंबई इंडियंस जॉइन करते ही रोहित शर्मा की पहली तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस को पहली से लेकर पांचवीं ट्रॉफी आईपीएल ट्रॉफी 2020 में रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में जिताई है। उन्होंने टीम क फर्श से अर्श पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि आईपीएल 2024 से पहले रोहित शर्मा को कप्तानी से हटा दिया गया था। उनकी जगह हार्दिक पंड्या को नया कप्तान चुना गया। कप्तानी को लेकर काफी विवाद मचा। हालांकि इन सब के बाद रोहित शर्मा आईपीएल के 17वें सीजन से पहले एक बार फिर एमआई से जुड़े हैं। वहीं शर्मा जी ने अब अपने ट्रेनिंग सेशन की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। लेकिन उन तस्वीरों में रोहित ने कोई कैप्शन नहीं दी। रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस (ड्प) के ट्रेनिंग कैंप में शामिल होकर आगामी प्च्स 2024 सीजन के लिए अपनी ट्रेनिंग शुरू कर दी है। उन्होंने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर अपने ट्रेनिंग सेशन की तस्वीरें बिना किसी कैप्शन के शेयर की हैं। तीन महीने पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में हटाए जाने के बाद शर्मा का यह पहला सोशल मीडिया पोस्ट है। गुजरात टाइटंस से हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस ट्रेड किया गया था, जिसके बाद उन्हें एमआई का नया कप्तान आईपीएल 2024 के लिए घोषित किया गया, जिससे कई एमआई प्रशंसक हैरान रह गए। रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने के बाद मुंबई को प्रशंसकों और क्रिकेटरों की आलोचना का सामना करना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**संवाददाता** देहरादून। एकम सनातन भारत दल ने लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारने का ऐलान किया है। प्रदेश अध्यक्ष विनोद शाही ने मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने सात संकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समस्त हिमालयी राज्यों में सनातनी स्वरूप को अक्षुण्ण रखने की बात कही। इसके अलावा भी कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

### कूड़े का ढेर लगाने पर कंपनी पर पचास हजार का जुर्माना

**संवाददाता** देहरादून। सफाई वाहन चालकों की हड़ताल और मशीनों की खराबी के कारण कारगी डंपिंग साइट पर कूड़े का ढेर लग गया है। प्रतिबंध के बावजूद ग्रामीण इलाकों का कूड़ा यहां डंप करने से स्थिति और बदहाल होती जा रही है। निगम को निस्तारण पर बेवजह अतिरिक्त बजट खर्च करना पड़ रहा है। मंगलवार को थर्ड पार्टी एजेंसी ब्रेन एबव की रिपोर्ट के बाद स्वास्थ्य अनुभाग ने वाटरग्रेस कंपनी पर पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना को निर्देश दिए हैं कि सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

### विज्ञापनों को हटाने का खर्चा पार्टियों से लें

**संवाददाता** देहरादून। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद सरकारी तंत्र ने दीवारों पर लिखी लिखावट, खम्बों आदि पर लगे बिल बोर्ड्स, पोस्टर्स बैनर्स आदि को हटाने का कार्य शुरू किया है। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा कि इसका खर्चा संबंधित व्यक्तियों, संगठनों और राजनैतिक दलों से वसूल किया जाए। सबको पता था कि चुनाव घोषित होने हैं उसके बाबजूद भी 15 दिन पूर्व ही हजारों बोर्ड्स लगते रहे।

### सेंट जार्ज से सब जूनियर चैपियनशिप आरिट्रिस्टिक की टीम रवाना

**संवाददाता** देहरादून। जिमनास्टिक एसोएिशन ऑफ उत्तराखंड की टीम नेशनल स्पोर्स्टस एकेडमी प्रयागराज उत्तर प्रदेश में सब जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने रवाना हो गई है। सेंट जार्ज कालेज से प्रधानाचार्य रमेश अमलानाथन ने टीम को रवाना किया। प्रतियोगिता में प्रथम बार उत्तराखण्ड के सबसे अधिक जिमनास्ट प्रतिभाग कर रहे हैं। इस टीम में सेंट जॉर्ज कॉलेज के मितुल, मेहुल, ईशगुन, रनवीर, आदित्य मांगलिक प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनके साथ कोच अरूण त्रिपाठी और मैनेजर श्री भारत टीम के साथ रवाना होंगे। जिमनास्टिक एशोसिएसन ऑफ उत्तराखण्ड के महासचिव प्रमोद चौधरी इस टीम को फ्लैग करेंगे।

# चुनाव को बोझ न समझकर करें दायित्वों को जिम्मेदारी से पूरा

**प्रशिक्षण**

■ जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन सम्पन्न कराने को कार्मिकों की शंकाओं का किया समाधान

**संवाददाता**

देहरादून। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड के प्रेक्षागृह में आयोजित किये जा रहे पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रंम के दूसरे दिन आज मास्टरट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सोनिका ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु कार्मिकों की शंकाओं का किया समाधान। उन्होंने कहा कि चुनाव को बोझ न समझे बल्कि लोकतंत्र के इस महापर्व में जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सफलता पूर्वक सम्पन्न कराएं।

बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सोनिका ने कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन कहा कि निर्वाचन कार्यो में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान पार्टी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। एक भी गलती समस्त निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगाती है तथा कार्यवाही का कारण बनती है। इसलिए कार्मिक अपनी–अपनी भूमिका को अच्छे से समझते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें। लोकतंत्र के इस महापर्व को निष्क्षता एवं पारदर्शिता दायित्वों का निर्वहन करते हुए सफल बनाए। उन्होंने सभी मतदान कार्मिकों से वोट देने की अपील की। मॉक पोल समय से पूर्ण हो जाएं तथा निर्वाचन प्रक्रिया समय से शुरू हो जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी/नोडल अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने उपस्थित कार्मिकों उनके दायत्विों एवं जिम्मेदारियों को बारिकी से समझाया। बुधवार को प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में 1740 में से 1667 पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे जबकि 73 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी कार्मिक/स्वीप झरना कमठान, उप जिलाधिकारी मसूरी डॉ दीपक सैनी, उप जिलाधिकारी हरगिरी गोस्वामी, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश शेलेन्द्र नेगी, उप नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून गोपालराम बिनवाल सहित समस्त एआरओ उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर/निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, सहायक नोडल प्रशिक्षण डॉ मनीष बिष्ट एवं गिरीश थपलियाल, संदीप वर्मा उपस्थित रहे।

वहीं डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री झरना कमठान ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आए कार्मिकों के साथ लाईन में लगकर भोजन किया तथा कार्मिको के अनुभवों एवं उनकी समस्याओं एवं सुझाव भी सुने।

### उक्रांद के लोकसभा टिकटों में फंसा पेंच

**संवाददाता** देहरादून। उक्रांद के लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा मंगलवार को होनी थी। इसके लिए प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर मीडिया को निमंत्रण दिया गया। मीडिया के पहुंचने के बावजूद ऐन मौके पर प्रेस कांफ्रेंस को स्थगित कर दिया गया। उक्रांद केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने मंगलवार दोपहर दो बजे मीडिया के सामने प्रत्याशियों की घोषणा करनी थी। दो बजे मीडिया के पहुंचने के बाद प्रेस कांफ्रेंस स्थगित करने की सूचना दी गई। अगले एक दो दिन में प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस स्थगित करने के पीछे कारण प्रत्याशियों के नाम फाइनल न होना बताया गया। जबकि हकीकत ये है कि सभी पांचों सीटों पर नाम फाइनल कर दिए गए थे। बाकायदा मीडिया के लिए प्रेस नोट तैयार किया जा चुका था। नैनीताल सीट के संभावित प्रत्याशी के बीमार पड़ने और टिहरी सीट पर कुछ और नाम सामने आने के बाद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा को टाल दिया गया। केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुनील ध्यानी ने बताया कि बुधवार या गुरुवार तक सभी पांचों सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

# निर्वाचन के दौरान प्रतिदिन बैंक से रिपोर्ट प्रस्तुत करें: डीएम

**बैठक**

■ जिलाधिकारी ने विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 को समुचित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में मंगलवार को ऋषिपर्णा सभागार, कलेक्ट्रेट देहरादून में जनपद की विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई।



बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामान्य निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु लीड बैंक मैनेजर सहित समस्त बैंक के प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रतिदिन बैंक से रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा संदेहजनक लेनदेन की सूचना नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण/मुख्य कोषाधिकारी के कार्यालय को प्रस्तुत की जाए।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 में अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय हेतु पृथक बैंक खाता खोलने हेतु सभी बैंक अभ्यर्थियों के समर्पित काउन्टर खोलें। निर्वाचन अवधिक के दौरान, बैंक उक्त खातो में जमा और आहरण करने हेतु प्राथमिकता प्रदान करेंगे।

बैंक खातो से संदेहजनक लेन–देन की सूचना प्रतिदिन वाहक अथवा ई–मेल पर मुख्य कोषाधिकारी, देहरादून/नोडल अधिकारी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण को उपलब्ध करायेंगे। यदि सूचना शून्य है, तो शून्य सूचना उपलब्ध करायी जानी आवश्यक है। एटीएम/कैश वाहन के माध्यम से कैश संचालन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार करें।

### भाजपा कार्यताओं ने चुक्खुवाला में किया जन संपर्क

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को चुक्खूवाला में घर घर जा कर टिहरी गढ़वाल लोक सभा सीट से प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के लिये जन संपर्क अभियान चलाया। अवसर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता व पूर्व में मण्डल अध्यक्ष रहे हरीश नारंग ने कहा कि बीजेपी की सरकार ही विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर देश को मजबूत करने का कार्य कर सकती है। कहा कि भाजपा ने हमेशा गरीबों के कल्याण के लिए काम किया ह। ये भी कहा कि सभी को समान रूप से योजनाओं के दयारे में ला कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभान्वित करने का कार्य केवल बीजेपी की सरकार ही कर सकती है। इस अवसर पर सतीश कपूर, दीपा शाह, सौरव डोभाल, सतेंद्र भंडारी,कुलदीप सिंह ललकार, रवि शर्मा, मीना शर्मा, अमित वर्मा, संदीप गुप्ता चंद्र मोहन अरोड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।